पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की नयी पहल

विकास कार्यों में धार देने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों व ब्लाक प्रमुखो के होंगे मण्डलीय सम्मेलन

स्थानीय आवश्यकताओ के अनुरूप विकास योजनाओं का खाका तैयार कर उसे धरातल पर उतारा जायेगा

अच्छा कार्य करने वाले बीडीओ व प्रमुखों को किया जायेगा सम्मानित

—श्री केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ :07 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की अभिनव पहल पर ,उनके निर्देशन और नेतृत्व में प्रदेश के सभी मंडलों में ब्लॉक प्रमुखों व खंड विकास अधिकारियों के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। विकास कार्यों में और अधिक गति व धार देने के उद्देश्य आयोजित किए जा रहे मंडलीय सम्मेलनों में स्थानीय व क्षेत्रीय आवश्यकताओं तथा आधारभूत ढांचे के अनुरूप विकास कार्यों का खाका तैयार किया जाएगा और उसे अमलीजामा पहनाया जाएगा, यही नहीं इन सम्मेलनों में जनप्रतिनिधियों ,खासतौर से ब्लॉक प्रमुखों से वहां की आवश्यकताओं और वहां की समस्याओं से संबंधित सुझाव लिए जाएंगे तथा उनके मंतव्य को भी समझा जाएगा व विकास कार्यों में आड़े आ रही समस्याओं को भी समझते हुए उनके निराकरण की ठोस व प्रभावी करने की तैयार की जाएगी, साथ ही साथ मंडल स्तर पर विकास कार्यों की गहन समीक्षा भी होगी और ब्लॉक प्रमुखों के सुझावों से नवाचार करने की भी कोशिश की जाएगी ताकि विकास कार्यों को नई पंख लग सके।

'अच्छा कार्य करने के लिए सम्मान और प्रोत्साहन'

उपमुख्यमंत्री ने मण्डलीय सम्मेलनों का ऐसा खाका तैयार कराया है, जिसमे मंडल में उत्कृष्ट, अनुकरणीय व अच्छा कार्य करने वाले खंड विकास अधिकारियों व ब्लॉक प्रमुखों को सम्मानित भी किया जाएगा ताकि अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिले और अच्छा कार्य करने की भावना विकसित हो।

'मण्डलीय जिले के सीडीओ होंगे नोडल अधिकारी'

मंडलीय समीक्षा बैठकों के संबंध में जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है की मण्डलीय सम्मेलनों /समीक्षा बैठक में संबंधित मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारी , ज्वाइन्ट डेवलपमेंट कमिश्नर, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए उपायुक्त(श्रम रोजगार/स्वतरू रोजगार)सभी खंड विकास अधिकारी व सभी ब्लाक प्रमुख अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे ।मंडली समीक्षा बैठकों के स्थान व समस्त

व्यवस्थाओं के नोडल अधिकारी संबंधित मंडल के जिले के मुख्य विकास अधिकारी बनाए गए हैं और संयुक्त विकास आयुक्त समीक्षा बैठकों से संबंधित समस्त बिंदुओं को सम्मिलित करते हुए बैठक की बुकलेट आदि तैयार करने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

'मातृशक्ति, युवाओं व गोवंश पर विशेष फोकस'

श्री मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों के आयोजन के साथ ही मण्डलवार ब्लाक प्रमुखों व खण्ड विकास अधिकारियों के सम्मेलन भी आयोजित किए जा रहे हैं, आगरा व कानपुर मंडल में इस तरह के सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। उपमुख्यमंत्री स्वयं इन मण्डलीय सम्मेलनों में प्रतिभाग कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि ब्लाक प्रमुखों के सम्मेलन का आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव में संचालित विकास योजनाओं में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के साथ–साथ फील्डस्तर की समस्याओं और उनके सुझाव को भी समझना है। उन्होंने कहा प्रमुखों के सुझावों को संज्ञान में लेकर उनके क्रियान्वयन पर बल दिया जा रहा है ,साथ ही मंडल में बेहतर कार्यों का प्रदर्शन करने वाले खंड विकास अधिकारियों और ब्लॉक प्रमुखों को सम्मानित भी किया जा रहा है, उन्होंने कहा इससे विकास कार्यों में और अधिक गति आएगी उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि ब्लाक प्रमुखों के सुझाव व समस्याएं भी सुनी जायेगी और सभी के सुझाव पर विचार किया जाएगा और हर समस्या का समाधान किया जाएगा।, उन्होंने बताया कि ब्लॉक, तहसील, जिले को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने, ब्लॉको में माह का एक दिन नियत कर सभी बीडीओ, ब्लॉक प्रमुखों के साथ स्वच्छता दिवस के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया गया है। श्री मौर्य ने बताया कि मण्डलीय सम्मेलनों के जरिए ग्राम चौपालो को भी और अधिक सक्रिय व सफल बनाने की उनकी मन्शा है। कई गांवों की संयुक्त समस्याओं व आवश्यकताओ का समाधान भी इस सम्मेलनो में उपस्थित ब्लाक प्रमुखो व खण्ड विकास अधिकारियों के सुझावों से हल किया जा सकेगा।मातृशक्ति व युवाओं हेतु बड़ी योजनाएं बनाकर उनका क्रियान्वयन कराना और गोवंश के संरक्षण पर विशेष फोकस करना भी मण्डलीय सम्मेलनों के मूल में है। गांव की मूलभूत व बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा सूखा व बाढ़ आदि की समस्याओं पर भी गहनता से विचार करना भी इन सम्मेलनों का मकसद है।

'प्रस्तावित सम्मेलन'

आगामी 9 अप्रैल को झांसी में ,12 अप्रैल को बरेली मंडल में व 13 अप्रैल को प्रयागराज मंडल में मंडलीय सम्मेलन /मंडलीय समीक्षा बैठकों के आयोजन का प्रपोजल/ कार्यक्रम बनाया गया है।

सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव

राम यतन/07:20 PM